पर्यटन के परिदृश्य का खींचा जाएगा खाका

योजना

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश को विकास के नए सोपानों की ओर अग्रसर कर रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के केंद्र में भी प्रभु श्रीराम तथा अयोध्या में अवस्थित भव्य जन्मभूमि मंदिर को रखा जाएगा। उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीमित संभावनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा धार्मिक पर्यटन के बदलते परिदृश्यों के प्रचार-प्रसार को केंद्रित करने के लक्ष्य से पर्यटन विभाग द्वारा पेवेलियन बूथ हैंगर का संचालन किया जाएगा।

लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी के मध्य आयोजित होने जा रहे जीबीसी-4 के तहत आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में पर्यटन विभाग द्वारा इस हैंगर का संचालन किया जाएगा जो कि कई खूबियों से लैस होगा। जीबीसी-4.0 के जरिए योगी सरकार 10 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने का एक नया इतिहास रचने जा रही है।

बी-टू-बी सेशंस का हो सकेगा आयोजन

पेवेलियन को पर्यटन विभाग द्वारा चयनित एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा। एजेंसी को कार्यावंटन की प्रक्रिया भी जल्द ही पूरी हो जाएगी। पेवेलियन में निवेशकों व गणमान्यों के बैठने के लिए उत्तम व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त, यहां वीवीआईपी लाउंज, एलईडी वीडियो डिस्प्ले वॉल (12x8 फीट), 50 इंच एलईडी वीडियो पैनल, मीडिया इंटरैक्शन, एल आकार का ग्लास शोकेस जिसमें मॉडल्स को प्रदर्शित किया जाएगा, 4 मीटिंग सोफा व टेबल्स और अतिरिक्त चेयर्स के साथ पर्याप्त बैठने की व्यवस्था होगी।

3डी रेप्लिका समेत कई खूबियों से लैस पवेलियन

सीएम योगी के विजन अनुसार, तैयार की गई कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने जीबीसी 4.0 के तहत आयोजित हो रही प्रदर्शनी में एग्जिबिशन स्टॉल की स्थापना व संचालन प्रक्रिया शुरू की है। यह पवेलियन कई मायनों में विशिष्ट होगा। प्रदर्शनी स्टॉल में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की 3डी रेप्लिका स्थापित की जाएगी जो विजिटर्स के लिए प्रमुख अट्रैक्शन बनेगा।